किराया निर्धारण के लिए कलेक्टर के साथ बैठक के निर्देश

ऐशबाग के 599 जनता क्वार्टर आज से तोड़े जाएंगे, हाईकोर्ट ने रोक लगाने से किया इन्कार

क्वार्टर नंबर 465 के आवंटी को मिली दो दिन की राहत



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः ऐशबाग स्थित जनता क्वार्टरों को तोड़ने की कार्रवाई सोमवार 23 नवंबर से जारी रहेगी। रविवार को हाईकोर्ट में हुई विशेष सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की पीठ ने सभी क्वार्टरों के ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हालांकि, क्वार्टर नंबर 465 के आवंटी मोहम्मद हफीज खान को दो दिन की राहत दी गई है। फिलहाल उनके मकान को तोड़ने पर बुधवार तक रोक रहेगी।

मोहम्मद हफीज खान ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपने आवंटित मकान को तोड़ने की कार्रवाई रोकने की मांग की थी। उनका कहना था कि वह वैध आवंटी हैं और उनका मकान भी प्रस्तावित ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में शामिल है।

सुनवाई के दौरान नगर निगम की ओर से अधिवक्ता सुयश मोहन गुरु ने बताया कि कार्रवाई हाउसिंग बोर्ड के निर्देश पर की जा रही है। वहीं, हाउसिंग बोर्ड के अधिवक्ता कपिल दुग्गल ने न्यायालय को बताया कि वर्ष 2016 में ही ऐशबाग के 600 जनता क्वार्टरों को जर्जर घोषित किया जा चुका है। इनकी मौजूदा स्थिति में जान-माल के नुकसान की आशंका है। आवंटियों को मकान खाली करने के लिए कई बार नोटिस भी दिए गए हैं। हाउसिंग बोर्ड की पुनर्विकास योजना के तहत वैध आवंटियों को नए भवनों में आवास दिए जाएंगे। निर्माण अवधि के दौरान किराया भी दिया जाएगा। याचिकाकर्ता ने किराए की राशि कम निर्धारित किए जाने की आशंका जताई। इस पर न्यायालय ने आवंटी और हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को कलेक्टर के साथ बैठक कर किराया तय करने तथा बुधवार को जानकारी देने के निर्देश दिए। बाकी 599 क्वार्टरों को तोड़ने की कार्रवाई सोमवार को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगी।

ग्रामीण क्षेत्र में तीन सड़क हादसे, तीन लोगों की हुई मौत


- रात लगभग 12:15 बजे वह ग्राम सोनकच्छ स्थित मंदिर के सामने पहुंचा था
- पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज से टक्कर मारने के बाद मौके से भाग निकले

नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः राजधानी एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे। इसी क्रम में रातीबड़, बैरसिया थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहनों का सुराग जुटाने में जुट गई है। बैरसिया थाना पुलिस के मुताबिक नरसिंहगढ़ के वार्ड-नंबर-तीन में रहने वाला 21 वर्षीय आयुष पुत्र गजराज ओझा निजी काम करता था।

शुक्रवार रात वह किसी काम से नरसिंहगढ़ से भोपाल जाने के लिए बाइक से निकला था। रात लगभग 12:15 बजे वह ग्राम सोनकच्छ स्थित मंदिर के सामने पहुंचा था, तभी अंधेरे में उसकी बाइक किसी ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे से टकरा गई। हेलमेट नहीं पहने रहने के कारण उसके सिर में गंभीर चोट लगी थी। उसे उपचार के लिए बैरसिया के सरकारी अस्पताल लाया गया। वहां चैक करने के बाद डॉक्टर ने आयुष को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ट्रैक्टर ट्रॉली की तलाश कर रही है। यह पता चला है कि उसमें गन्ने भरे हुए थे।

उधर इसी थाना इलाके में बैरसिया के विवेकानंद के सामने रविवार शाम लगभग साढ़े छह बजे अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम मनख्याई निवासी 35 वर्षीय गोरेलाल पुत्र कालूराम कुशवाहा के रूप में हुई। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज से टक्कर मारने के बाद मौके से भाग निकले वाहन का पता लगा रही है। उधर रातीबड़ थानांतर्गत ईसाई समाज के कब्रिस्तान के पास शनिवार रात लगभग 10:30 बजे स्कूटर सवार युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

राहगीरों ने एंबुलेंस के माध्यम से उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहां चैक करने के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान नीलबड़ निवासी 29 वर्षीय संजीव पूर्विया के रूप में हुई। वह फुलकी का ठेला लगाता था। संभवतः वह दुकान बंद कर घर लौटते समय हादसे का शिकार बन गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



रवि प्रदोष के अवसर बड़वाले महादेव मंदिर पर रविवार को बाबा बटेश्वर का अलौकिक श्रृंगार किया गया।

बैकुण्ठ चतुर्दशी पर आज पशुपतिनाथ मंदिर में होगा विशेष पूजन-अर्चन

नप्र, भोपाल : बैकुण्ठ चतुर्दशी के अवसर पर श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज, गोविंदपुरा द्वारा सोमवार, 23 नवंबर को भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में विशेष पूजन-अर्चन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। धार्मिक आयोजन सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा। समाज के अध्यक्ष लोकमणि घिमिरे एवं महामंत्री सुरेश पाण्डे ने बताया कि प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें समाज के संरक्षक, संस्थापक, आजीवन एवं साधारण सदस्यों के साथ पूर्व अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री और पूर्व प्रमुख सलाहकारों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा पूर्व एवं वर्तमान प्रबंध समिति के सदस्यों, 11वें एरिया के अध्यक्ष और सचिव तथा 13वें प्रकोष्ठ के सदस्यों को भी आमंत्रण दिया गया है। समाज के पदाधिकारियों ने सभी माताओं, बहनों और भाइयों सहित समाज के सदस्यों से निर्धारित समय पर मंदिर पहुंचकर पूजन-अर्चन में शामिल होने और भगवान श्री पशुपतिनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

पिच्छिका परिवर्तन में संयमित जीवन का दिया संदेश

आचार्य विद्या सागर महाराज को स्मरण कर भाव विभोर हुए श्रावक



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः संयमित जीवन शैली विनम्रता के साथ अपनाने वाले सभी संयमियों के लिए रविवार का दिन यादगार बन गया। मौका था युग श्रेष्ठ आचार्य विद्यासागर महाराज के आज्ञानुवृति आचार्य समय सागर महाराज सहित 21 संतो के पिच्छिका परिवर्तन का। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में आस्था के सैलाब के साथ संयमित जीवन जीने की होड़ मची हुई थी। इस अवसर पर आचार्य विद्या सागर महाराज को स्मरण कर श्रावक भाव विभोर भी हुए।

आचार्य श्री समय सागर महाराज को नवीन पिच्छिका देने का सौभाग्य ऋषभ, मनीष, निमिषा प्रगति परिवार को प्राप्त हुआ। आचार्य श्री की पुरानी पिच्छिका आरके अभिराज, अपर्णा एडवोकेट परिवार को प्राप्त हुई। संयम के उपकरण पिच्छिका परिवर्तन के साक्षी देश विदेश के त्यागी व्रती के साथ देश विदेश के भी श्रद्धालु बने। इस अवसर पर पंचायक कमेटी ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज सुपारी ने चातुर्मास में सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए गलतियों के लिए क्षमा मांगी। समिति के प्रमुख मनोज बांगा, राजेश कोयला ने बताया समाज के श्रेष्ठियों ने बड़े बाबा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया।

भोपाल की मंदिर समिति पाठ शाला परिवार द्वारा दर्शन जैन सिद्धांत के साथ आचार्य श्री के संदेश को प्रतिपादित करती हुई नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी इटारसी के विवेक सागर भी अनुष्ठान में मौजूद थे। वह टोक्यो, पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले हैं। उन्होंने आचार्य श्री से आशीर्वाद लेकर कहा हम प्रयास करेंगे कि टीम की टी शर्ट पर इंडिया नहीं भारत लिखा जाए। आचार्य श्री ने कहा अहिंसा के लिए सभी कुछ न्यौछावर कर देने के लिए तैयार रहना चाहिए। देव, शास्त्र, गुरु के प्रति समर्पण से ही कर्मों की निर्जरा होगी। उन्होंने कहा कि मोक्ष मार्ग समूह का नहीं एकाकी है। उधर पलासी मंदिर पंचकल्याणक में प्रमुख पात्र सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य डॉ. देवांश जैन डॉ. हर्षिता, निध्यती जैन को प्राप्त हुआ। मीडिया प्रवक्ता सुनील जैनाविन अंशुल जैन ने बताया संतों को नवीन पिच्छिका देने वालों में एम्स के निदेशक डायरेक्टर संदेश, आभा जैन, आईएएस शोभित, मोना जैन, सुधीर, रश्मि जैनाविन, राकेश रॉबिन ओएसडी सहित अनेक समाज बंधु शामिल रहे।

प्रदेश में 7500 आरक्षक पदों की भर्ती परीक्षा स्थगित, 7.54 लाख युवाओं को इंतजार

नप्र, भोपाल : मध्यप्रदेश में पुलिस आरक्षक के 7500 पदों पर भर्ती के लिए होने वाली लिखित परीक्षा स्थगित कर दी गई है। कर्मचारी चयन मंडल ने 22 नवंबर को परीक्षा आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। परीक्षा 19 नवंबर 2026 से शुरू होनी थी, लेकिन निर्धारित तारीख पर परीक्षा शुरू नहीं हो पाई। इससे अभ्यर्थियों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। मंडल के अनुसार, परीक्षा की नई तारीख और विस्तृत कार्यक्रम जल्द ही आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। नई तारीख घोषित होने के बाद प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। इस भर्ती के लिए प्रदेशभर से कुल 7.54 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें 42 पीएचडी धारक, 11,961 इंजीनियर, 51,381 स्नातकोत्तर और 3,26,626 स्नातक अभ्यर्थी शामिल हैं। इसके अलावा 4,38,753 उच्चतर माध्यमिक, 93,736 हाईस्कूल और 1,011 आठवीं पास युवाओं ने भी आवेदन किया है। वहीं, 3,131 डिप्लोमा इंजीनियर, 3,922 अन्य डिप्लोमा और 8,252 आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी भर्ती प्रक्रिया में शामिल हैं। भर्ती के तहत 6,800 पद आरक्षक सामान्य ड्यूटी और 700 पद विशेष सशस्त्र बल के लिए निर्धारित हैं। कुल 7,500 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 29 सितंबर से बढ़ाकर 6 अक्टूबर की गई थी। अब अभ्यर्थियों को नई परीक्षा तारीख की घोषणा का इंतजार है।

बैरसिया में करंट से किसान की मौत

नप्र, भोपाल : बैरसिया थाना इलाके के एक गांव में खेत में पानी फेरने के दौरान करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। घटना रविवार दोपहर को हुआ। पुलिस मामले की जांच रही है। बैरसिया थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम गोंडिया सनखेड़ा निवासी 32 वर्षीय करनसिंह पुत्र मोहरसिंह किसानी करता था। रविवार दोपहर लगभग तीन बजे वह खेत में पानी फेर रहा था। इस दौरान वह करंट की चपेट में आकर बेसुध हो गया। परिवार के लोग उसे उपचार के लिए बैरसिया के सरकारी अस्पताल ले गए। वहां चैक करने के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बीएससी की छात्रा ने फांसी लगाई

नप्र, भोपाल : कमलानगर थाना क्षेतांतर्गत एक छात्रा ने अपने घर में फांसी लगा ली। वह बीएससी की छात्रा थी। मौके पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिलने से फिलहाल खुदकुशी की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस ने जांच के लिए उसके मोबाइल फोन को जब्त किया है। कमलानगर थाना प्रभारी निरुपा पांडेय ने बताया कि नेहरू नगर की गोमती कॉलोनी निवासी 22 वर्षीय अनुष्का पुत्री स्व.मनोज पांडेय बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा थी। वह अपनी मां के साथ रहती थी। उसके पिता की 10 वर्ष पहले मौत हो चुकी थी। शाम करीब साढ़े छह बजे परिवार के लोगों ने उसे फांसी पर लटके देखा। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर खोजबीन की, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने छात्रा के मोबाइल फोन को जांच के लिए बरामद करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

गुरुद्वारे से निकला भव्य समारोह, पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

नप्र, भोपाल :
शाहजहानाबाद स्थित गुरुद्वारे से रविवार को सिख समाज का भव्य चल समारोह निकाला गया। पारंपरिक वेशभूषा और पीली पगड़ियों में शामिल सिख श्रद्धालु आकर्षण का केंद्र रहे। हाथों में तलवारें लिए श्रद्धालुओं का जगह-जगह पुष्पवर्षा और फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।



मारपीट कर युवक के गले से सोने की चेन लूटी

नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः गुनगा थाना इलाके में एक बदमाश ने युवक के साथ मारपीट कर उसके गले से सोने की चेन लूट ली। आरोपी युवक के गांव का ही रहने वाला है। अपराध दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। गुनगा थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम हिनौती सड़क निवासी नरेश पुत्र राजेंद्र नागर किसानी करते हैं। नरेश ने शनिवार रात थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उसमें बताया कि दोपहर के समय वह अपने चाचा के साथ सिंचाई के लिए पाइप लेने हर्राखेड़ा गए थे। शाम लगभग साढ़े छह बजे वहां से वापस लौटकर गांव के रामलीला मंदिर के सामने खड़े होकर बात कर रहे थे। इस दौरान गांव का पुनीत उर्फ पुन्ना जीप लेकर उनके पास रुका और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर वह चाकू लेकर गाड़ी से उतरकर आया और मारपीट करने लगा। शोर शराबा सुनकर घर से छोटा भाई मिथुन आया और बीच बचाव की कोशिश करने लगा। इस पर पुन्ना ने उसके साथ भी मारपीट करदीऔर मिथुन के गले से सोने की चेन लूटकर भाग निकला। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

साइबर ठगी के खिलाफ मध्यप्रदेश पुलिस की बड़ी कार्रवाई, पीड़ित को लौटाए 70 हजार रुपये

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश पुलिस ने साइबर अपराधों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए इंदौर में ऑनलाइन ठगी के शिकार व्यक्ति को 70 हजार रुपये की पूरी राशि वापस दिलाई है। वहीं, ऑपरेशन मैट्रिक्स 2.0 के तहत इंदौर और खंडवा में साइबर अपराधों में इस्तेमाल हो रहे तीन संदिग्ध बैंक खातों की पहचान कर संबंधित आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इंदौर निवासी एक व्यक्ति को सोलर प्लांट का व्यावसायिक साझेदार बनाने का झांसा देकर 70 हजार रुपये की ठगी की गई थी। आरोपितों ने उपकरण 33 हजार रुपये प्रति किलोवाट की दर से उपलब्ध कराने का भरोसा दिया था, लेकिन बाद में 60 हजार रुपये प्रति किलोवाट की मांग की। राशि वापस नहीं मिलने पर पीड़ित ने शिकायत की। क्राइम ब्रांच ने बैंकिंग संस्थानों से समन्वय कर न्यायालय के आदेश से पूरी रकम वापस दिलाई।

वहीं, ऑपरेशन मैट्रिक्स 2.0 के तहत इंदौर के कनाड़िया क्षेत्र में एक संदिग्ध खाते से दिल्ली, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना में दर्ज साइबर ठगी की चार शिकायतों से जुड़े लेन-देन मिले।

गुरु रविदास जयंती पर 25 से निकलेगी संकल्प यात्रा

नप्र, भोपाल : संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सामाजिक समरसता संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। इसके तहत 25 से 30 नवंबर तक मध्यप्रदेश से उत्तर प्रदेश के लिए दो उपयात्राएं निकाली जाएंगी। भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल की सहमति से इन यात्राओं की रूपरेखा तैयार की गई है। पहली उपयात्रा शिवपुरी से इटावा तक निकाली जाएगी। यह शिवपुरी, दतिया, ग्वालियर ग्रामीण, ग्वालियर और भिंड जिलों से होकर गुजरेगी।

29 नवंबर को शाम 4 बजे इटावा में मुख्य यात्रा में शामिल होगी। दूसरी उपयात्रा सागर से कानपुर तक निकलेगी। इसका मार्ग सागर, टीकमगढ़, झांसी और उरई से होकर निर्धारित किया गया है।

समारोह-2026 *पांचवें कौशल दीक्षांत समारोह में प्रतिभाओं का सम्मान...*

दस आईटीआई प्रशिक्षणार्थी बने राष्ट्रीय टॉपर, बढ़ाया प्रदेश का गौरव



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), भोपाल में पांचवें कौशल दीक्षांत समारोह-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. गौतम टेटवाल, भोपाल सांसद आलोक शर्मा, खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा और कौशल विकास संचालनालय के संचालक बसंत कुर्रे उपस्थित रहे। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से जुड़े। देशभर के शासकीय आईटीआई में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा जुलाई 2026 में मध्यप्रदेश के 10 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा विभिन्न व्यवसायों में अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने की उपलब्धि को रेखांकित किया गया।

प्रदेश के लिए विशेष उपलब्धि यह भी रही कि कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग सहायक व्यवसाय के श्रवण बाधित प्रशिक्षणार्थी सूरज साहू को राष्ट्रीय टॉपर के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मानित करेंगे। उनकी सफलता दिव्यांगजनों की प्रतिभा और तकनीकी दक्षता का उदाहरण है। कार्यक्रम में बताया गया कि प्रदेश की शासकीय आईटीआई में इस सत्र में अब तक का सर्वाधिक 97.57 प्रतिशत प्रवेश दर्ज किया गया है। प्रवेश क्षमता में 3,872 सीटों की वृद्धि की गई है। सौर तकनीशियन, इलेक्ट्रिक वाहन और ड्रोन तकनीशियन जैसे रोजगारपरक नए पाठ्यक्रम भी शुरू किए गए हैं।

महिला सशक्तीकरण के लिए आईटीआई में महिलाओं की आरक्षित सीटों का प्रतिशत 30 से बढ़ाकर 35 किया गया है। साथ ही प्रशिक्षण शुल्क में 25 प्रतिशत की कमी की गई है। इसके परिणामस्वरूप इस सत्र में 13,801 महिलाओं ने प्रवेश लिया है। अतिथियों ने कहा कि आईटीआई युवाओं को रोजगार के साथ आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रदेश सरकार का उद्देश्य उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाना है।

कार्यालय थाना प्रभारी थाना पिपलानी भोपाल म.प्र.

क्रमाँक-था.प्र./पिप/भो/डी/ मर्ग क्रमांक 77/26 दिनाँक-12/11/26

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि दिनाँक 13/09/26 को सूचक जेपी अस्पताल से डांक्टर विक्रम सिंह ने जरीये फोन सूचना दिया कि पेशेंट अज्ञात व्यक्ति उम्र वयस्क को ईलाज हेतु दिनांक 13/09/26 के 12.25 बजे 108 एम्बुलेंस का अजय सिंह मो.न. 9425027938,7400519327 लेकर आया जिसने बताया कि पेशेंट दिनांक 13/09/26 के रात्री करीबन 12.00 बजे बेहोशी की हालात में लेंस कार्ड इन्द्रपुरी के पास था जिसे ईलाज हेतु जेपी अस्पताल लेकर आया था जहां डाक्टर द्वारा दिनांक 13/09/26 के रात्री करीबन 12.40 बजे चेक करने पर पेशेंट की मृत्यु होना बताया जिसका पीएमएलसी न.-105535/26 है। कि सूचना पर मर्ग क्रमांक 77/26 धारा 194 बीएनएसएस का कायम कर जांच में लिया गया। दौराने मर्ग विवेचना अज्ञात मृतक उम्र-लगभग 55 साल रंग सावला चैहरा गोल, दौहरा बदन, सर के बाल पके हुए चैहरे पर पकी हुई सफेद दाँडी दायने पैर से लंगडा था जिसका फोटो उपरोक्तानुसार है। यही इस अज्ञात मृतक के के संबंध मे कोई जानकारी हो तो थाना प्रभारी पिपलानी भोपाल के संपर्क नम्बर 947990416 ,7049104100 एवं जाँच अधिकारी प्र.आर.2751 सूर्यकान्त दुबे मो. नम्बर 9826383544 पर तत्काल संपर्क करे ।



थाना प्रभारी थाना पिपलानी भोपाल

जी-21924/26

बेदखली सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण श्री सुदामा तिवारी पुत्र श्री वासुदेव प्रसाद तिवारी एवं श्रीमती किरण तिवारी पत्नी श्री सुदामा तिवारी, निवासी वार्ड नं. 13, स्टेशन रोड, जैन मंदिर के पास, औबेदुल्लागंज, जिला रायसेन (म.प्र.)-464993 ने क्रमशः अपने पुत्र संयम तिवारी श्री सुदामा तिवारी व पुत्रवधू मनाली तिवारी की प्रताड़ना से दुखी होकर दोनों से परिवार के सभी सदस्यों ने अपना नाता रिश्ता सदैव के लिये रामाप्त कर लिया है तथा उनको अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से हमेशा-हमेशा के लिये बेदखल एवं परित्याग कर दिया है। अब मेरे पक्षकारगण एवं उनके परिवार के किसी भी सदस्य से संयम तिवारी श्री सुदामा तिवारी व पुत्रवधू मनाली तिवारी का किसी भी प्रकार का नाता-रिश्ता, लेना-देना व किसी प्रकार का संबंध शेष नहीं रहा है और ना ही भविष्य में रहेगा। संयम तिवारी श्री सुदामा तिवारी व पुत्रवधू मनाली तिवारी वर्तमान में कहाँ रह रहे हैं, इस बात की जानकारी मेरे पक्षकारगण व उनके परिवार के किसी भी सदस्य को नहीं है। यदि किसी भी व्यक्तित तथा संस्था द्वारा संयम तिवारी श्री सुदामा तिवारी व पुत्रवधू मनाली तिवारी के साथ किसी भी प्रकार की गतिविधियों एवं किसी भी प्रकार के लेन-देन चाहे वह वित्तीय हो या किसी अन्य प्रकार का हो किया जाता तो इसके लिये वे स्वयं जिम्मेदार होंगे तथा मेरे पक्षकारगण व उनका परिवार किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे।

SAURABH KUMAR NAMDEO ADVOCATE
JM-25 & 28, Shankar Nagar, 6-1/2No. Stop,
Opp. Sarojini Naldu Girls Hr. Soc. School, Shivaji Nagar, Bhopal (M.P.)-462016,
Mob. No.: 9907077211, 8770074728